नारीलोक

मार्च 2022 अंक 284

अध्यक्षीय कार्यालय
NEELAM SETHIA
28/1 Shivaya Nagar 4th Cross
Reddiyur, Salem 636004. (TN)
9952426060
neelamsethia@gmail.com

## अध्यक्षीय अनुभूति

सम्माननीय बहनों,

महिला दिवस एवं होली पर्व की शुभकामनाएं

उड़ चल हारिल लिए हाथ में यही अकेला पावन तिनका
उषा जाग उठी प्राची में, कैसी बाट, भरोसा किन का।
शक्ति रहे तेरे हाथों में, छूट न जाए यह चाह सृजन की,
शक्ति रहे तेरे हाथों में, मंद ना हो जाए गति जीवन की।
ऊपर ऊपर ऊपर ऊपर, बढ़ा चीरता चल दिग्मण्डल
अनथक पंखों की चोटों से, नभ में एक मचा दे हलचल।
तिनका तेरे हाथों में है, अमर एक रचना का साधन
तिनका तेरे पंजों में है, विधना के प्राणों का स्पन्दन।
चल उड़ चल हारिल, चल उड़ हारिल ।।

कवि 'अज्ञेय' की इन पंक्तियों ने मेरे भीतर नई संभावनाओं के अनगिन द्वार खोले हैं, इसलिए महिला दिवस के अवसर पर आप सभी के साथ कविवर की यह पंक्तियां साझा कर रही हूं।

महिलाओं की सच्ची महत्ता और अधिकार की जागरूकता हेतु हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। यह विशेष दिन महिलाओं के विकास एवं सशक्तिकरण की प्राथमिकता लिए हुए है। विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए महिलाओं का कर्तृत्व पक्ष उजागर होता है एवं उन्हें पहचान मिलती है। यह दिन जितना celebration का है उतना ही introspection का भी है।

अवलोकन करें कि विकास के चार तत्त्व personal, emotional, professional & spiritual घटक पर आप स्वयं को कहां रखते हैं। जो मंजिल सबसे दूर नजर आए, उस दिशा में आगे बढ़ने हेतु स्वयं को प्रेरित करें। स्वयं को निखारने की कोई उम्र सीमा नहीं होती। आने वाले भविष्य में इन घटक तत्त्वों का विकास इन त्रिसूत्री आयामों से करें।

**शक्ति जागरण सूत्र** – उच्च शिक्षा का विकास, स्वावलम्बन या आत्मनिर्भरता का विकास, स्वयं निर्णय लेने की क्षमता का विकास।

**परिवार निर्माण सूत्र** – सामंजस्य सहित आगे बढ़ना, रहन–सहन एवं भोजन आदि में सादगी, बच्चों में पारिवारिक एवं आध्यात्मिक संस्कार निर्माण।

**भावनात्मक जागरण सूत्र** – सहनशीलता, दूसरों की आलोचना से बचना, मौलिक चिन्तन की क्षमता, Gratitude.

उपरोक्त बिन्दुओं पर स्वयं को रखकर, स्वयं का निरीक्षण करें एवं जहां अभाव लगे, उस क्षेत्र में विकास करें।

बहनों, समाज के दो घटक हैं महिला और पुरुष। दोनों का अस्तित्व तो स्वतन्त्र है पर दोनों की अस्मिता स्वतन्त्र नहीं है। हमारी अस्मिता सदैव बरकरार रहे, इसलिए अपने बेटे–बेटी दोनों की परवरिश और संस्कारों पर समान रूप से ध्यान देना है। एक मां का बेटा यदि संस्कारित है तो अनेक माताओं की बेटियां सुरक्षित है।

इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हम इन बिन्दुओं पर जागरूकता सहित महिला विकास के क्षेत्र में अग्रसर हों :–

- ना किसी महिला का उपहास करें और अन्य को करने दें। महिलाओं पर कसे हुए तंज एवं लतीफों पर स्वयं कतई ठहाके न लगाएं क्योंकि यह लतीफे या तो पूर्व निर्धारित धारणाएं होती है या धारणाओं को बनाने का माध्यम बन जाती है।
- महिलाएं अन्य महिलाओं के उन्नयन में सेतु बनें, ना कि केकड़ावृत्ति द्वारा उनके विकास में अवरोध पैदा करें।
- जो सामाजिक परम्पराएं बोझिल एवं अर्थहीन हैं, उनसे दरकिनार होते हुए पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन में स्वयं को भारहीन महसूस करें।
- कन्यादान पर चिन्तन एवं समीक्षा करते हुए कन्या सम्मान करें।

इस तरह अपनी भावनाओं को शुद्ध रखते हुए, होली के अवसर पर अपने कषायों का दहन करते हुए प्रगति शिखर पर आरोहित हों। होली पर हम यह सुनिश्चित करें कि विकास एवं खुशियों के रंगों से स्वयं को निखारते हुए अन्य को भी निखारेंगे।

हम हमारे नैसर्गिक गुणों के साथ एवं प्रकृति के बासंती रंगों से खिलवाड़ नहीं करेंगे। रंगों के त्यौहार पर इस माह शुभ लेश्याओं से हमारे आभामण्डल को शुद्ध रखेंगे एवं Colour Therapy सीखकर, यथासंभव उपयोगिता में लाते हुए जीवन को इन्द्रधनुषी रंगों से सजाएंगे। सात्विक रंगों से मानस प्रांगण पर सुरंगी होली का स्वागत करें। सुषुप्ति एवं प्रमाद को तोड़कर जागरण का शंखनाद करें। जीवन में व्याप्त तिमिर के सघन घेरे से बाहर निकल कर अपने आत्मिक उत्थान एवं विकास की ओर प्रशस्त हों।

स्नेहाकांक्षी

नीलम सेठिया

## अमृत निर्झर



"शरीर को नौका, जीव को नाविक और संसार को समुद्र कहा गया है। महान् मोक्ष की एषणा करने वाले इसे तैर जाते हैं। नौका निश्छिद्र होनी चाहिए। सछिद्र नौका व्यक्ति को डुबाने वाली होती है और निश्छिद्र नौका पार लगाने वाली होती है। जो भाव शुद्धि और कषाय मुक्ति की साधना करते हैं, वैराग्य की आराधना करते हैं, उनकी नौका निश्छिद्र होती है।"

"नारी को परमात्मा का सबसे बड़ा जादू कहा गया है। उसने समूचे संसार को अपनी मुट्ठी में बांध रखा है। ऐसी स्थिति में पारिवारिक सुख और शान्ति की पूरी जिम्मेदारी उसी पर आती है, इसके लिए अपेक्षित है समता की साधना, सापेक्ष सहयोग भाव एवं आत्मविश्वास।"



## श्रृंखलाबद्ध नीवी

आध्यात्मिक प्रवृत्तियां जनवरी-फरवरी माह में

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 जनवरी | दावनगिरि | 11 | 21 जनवरी | बारडोली | 135 | 10 फरवरी | रतलाम | 33 |
| 02 जनवरी | बेल्लारी | 41 | 22 जनवरी | लुधियाना | 51 | 11 फरवरी | ब्यावर | 19 |
| 03 जनवरी | नोखा | 81 | 23 जनवरी | गांधीधाम | 52 | 12 फरवरी | नबरंगपुर | 11 |
| 04 जनवरी | विल्लुपुरम | 05 | 24 जनवरी | करीमगंज | 06 | 13 फरवरी | सैंथिया | 15 |
| 05 जनवरी | अम्बाजोगाई | 08 | 25 जनवरी | बेहाला | 10 | 14 फरवरी | टोहाना | 09 |
| 06 जनवरी | टी.दासरहल्ली | 25 | 26 जनवरी | राजबिराज | 10 | 15 फरवरी | जयगांव | 11 |
| 07 जनवरी | गुडियात्तम | 17 | 27 जनवरी | हैदराबाद | 99 | 16 फरवरी | पीलीबंगा | 07 |
| 08 जनवरी | बंगईगांव साउथ | 36 | 28 जनवरी | शिमोगा | 20 | 17 फरवरी | पिंपलनेर | 14 |
| 09 जनवरी | कोचिन | 10 | 29 जनवरी | हैबरगांव नौगांव | 18 | 18 फरवरी | रेलमगरा | 14 |
| 10 जनवरी | हनुमंतनगर | 45 | 30 जनवरी | पिंपरी-चिंचवड़ | 18 | 19 फरवरी | वलसाड़ | 50 |
| 11 जनवरी | कांटाबांजी | 15 | 31 जनवरी | तिरुकलुकुण्ड्रम | 05 | 20 फरवरी | जबलपुर | 01 |
| 12 जनवरी | कामरेज | 90 | 01 फरवरी | इन्दौर | 09 | 21 फरवरी | बंगईगांव | 06 |
| 13 जनवरी | बीरगंज | 01 | 02 फरवरी | हिन्दमोटर | 05 | 22 फरवरी | अलिपुरद्वार | 09 |
| 14 जनवरी | धुलाबाड़ी | 01 | 03 फरवरी | चिकली | 51 | 23 फरवरी | गदग | 11 |
| 15 जनवरी | धरान | 01 | 04 फरवरी | डीसा | 05 | 24 फरवरी | गुरुग्राम | 28 |
| 16 जनवरी | नेपालगंज | 01 | 05 फरवरी | चास बोकारो | 02 | 25 फरवरी | वडोदरा | 29 |
| 17 जनवरी | सिलचर | 52 | 06 फरवरी | सफाले | 05 | 26 फरवरी | नोएडा | 35 |
| 18 जनवरी | कुन्नूर | 02 | 07 फरवरी | भुवनेश्वर | 83 | 27 फरवरी | पल्लावरम | 06 |
| 19 जनवरी | बीदासर | 75 | 08 फरवरी | काकीनाड़ा | 06 | 28 फरवरी | बाली-बेलुड़ | 21 |
| 20 जनवरी | किशनगढ़ | 22 | 09 फरवरी | कोटा | 58 | | | |

जिन शाखाओं ने अभी तक सहभागिता दर्ज नहीं करवाई है,
वे अवश्य अपना नाम संयोजिका श्रीमती अदिति सेखानी मो. 99090 24763 के पास आरक्षित करवाएं।
नीवी में तिथि आरक्षित करने हेतु Google Form Link : https://forms.gle/i9i2hmwWTQEHa4oVA
Touch the link to open Google Form

REVIVAL घो.वि. पू.लि.

**पुरानी ढालों का पुनरावर्तन**

इस माह हम पुनरावर्तन करेंगे
**प्राणी कर्म समो नहीं कोई**
(कर्मो की सज्झाय ढाल का)

इस ढाल से हम जानेंगे कि कर्म क्या है और कर्म को जानना क्यों जरूरी है?
इस माह की ढाल को अपने क्षेत्र में कार्यशाला, प्रतियोगिता या किसी भी अन्य विधा से बहनों को राग सहित कण्ठस्थ करवानी है।
इस माह के गीत का link :
https://fb.watch/bsTSZ91KD0/
(click here to go to FB video)
गीतिका का विवेचन PDF द्वारा संप्रेषण किया जाएगा।
चार ढालों के पश्चात् राग एवं विवेचन के आधार पर अभातेममं द्वारा प्रतियोगिता करवाई जाएगी।
अधिक जानकारी हेतु महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया मो. 9427133069 से संपर्क करें।

अमृत मनोनयन वर्ष

## अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा साध्वीप्रमुखाश्री मनोनयन अमृत महोत्सव पर वर्धापना

### नारीलोक वर्धापना विशेषांक



साध्वीप्रमुखाश्रीजी के मनोनयन अमृत महोत्सव पर अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा नारीलोक का वर्धापना विशेषांक प्रकाशित किया गया। विशेषांक में प्रमुखाश्रीजी के जीवन वृत्त सहित उनके व्यक्तित्व, कर्तृत्व एवं मातृत्व के बिन्दु समाहित किए गए। उनके पांच दशक के कर्तृत्व को संक्षिप्त में उजागर करने का प्रयास किया गया। अभातेममं सदस्यों सहित देश के 75 गणमान्य व्यक्तियों की अभिवन्दना के स्वर इस विशेषांक में मुखरित हुए। प्रमुखाश्रीजी द्वारा साहित्य सृजन की सूची सहित उनके द्वारा लिखित काव्य संग्रह की समीक्षा भी जाने माने कवियों द्वारा की गई।

### महाश्रमणी नमाम्यहं - अष्टभाषीय अभ्यर्थना गीत



मनोनयन अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में अष्टभाषीय गीत का निर्माण किया गया। इस गीत में देश की विभिन्न आठ भाषाओं में कन्या मंडल की कन्याओं द्वारा संगीतमय गायन हुआ जिसे एक वीडियो के माध्यम से प्रसारित किया गया।

### लाडनूं में अभिवन्दना कार्यक्रम



लाडनूं में अमृत महोत्सव के दिन प्रातःकाल प्रमुखाश्रीजी द्वारा गुरु दर्शनार्थ जाने वाले मार्ग पर अभातेममं द्वारा वर्धापना की गई जिसे समस्त दर्शकगण ने सराहा। प्रमुखाश्रीजी के सान्निध्य में पूर्व रात्रि में अभातेममं द्वारा अभ्यर्थना कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अमृत महोत्सव पर अभातेममं द्वारा कृतकार्यों की संक्षिप्त झलकियां विशिष्ट अन्दाज में प्रस्तुत की गई।

### सेण्ड ऑर्ट



लाडनूं के 'रोहिणी' कार्यालय में प्रमुखाश्रीजी के कर्तृत्व एवं साहित्य को दर्शाता 'सेण्ड ऑर्ट' निर्मित किया गया। देश के प्रख्यात कलाकार श्री अजय रावत ने इसका निर्माण किया। तीन गुरुओं द्वार प्रदत्त आशीर्वाद को भी इसमें दर्शाया गया। दर्शकों ने अति उत्साह सहित इसका अवलोकन करते हुए इस कलाकृति की भूरि–भूरि प्रशंसा की।

### काव्यामृतम्




अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में देश भर में प्रमुखाश्रीजी द्वारा रचित काव्य संग्रह 'सांसों का इकतारा' एवं 'धूप छांव' पर आधारित कविताओं पर काव्य पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 22 राज्यों से 450 प्रतिभागियों ने अपनी अभिवन्दना व्यक्त की। देश के जाने–माने 48 कवियों ने इसमें निर्णायक की भूमिका अदा की। कुल 12 फाइनलिस्ट प्रतिभागियों का चयन किया गया।

### 51 दिवसीय संकल्प यात्रा

अमृतम् कैलेण्डर 51 दिन प्रतिदिन संकल्प

प्रमुखाश्रीजी की अभ्यर्थना में श्रावक समाज हेतु 51 दिवसीय प्रतिदिन एक संकल्प की यात्रा प्रतिपादित की गई। देश भर के सम्पूर्ण श्रावक समाज ने इस संकल्प यात्रा में अपनी आहूति देते हुए प्रमुखाश्रीजी को संकल्पों की आध्यात्मिक भेंट उपहृत की। संकल्पों को विशिष्ट अन्दाज में प्रतिदिन प्रेषित किया गया।

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा साध्वीप्रमुखाश्री मनोनयन अमृत महोत्सव पर वर्धापना




## स्वरामृतम्

अभातेममं द्वारा प्रमुखाश्रीजी के जीवन पर आधारित एक गीत का निर्माण किया गया एवं उसे वीडियो के माध्यम से प्रसारित किया गया। शाखा मंडलों को इस गीत पर आधारित कथानक दृश्यांकन करने की प्रेरणा भी दी गई। प्रमुखाश्रीजी द्वारा महिला मंडल के आयामों हेतु विरचित विभिन्न गीतों का वीडियो एल्बम भी प्रकाशित किया गया।




## 51 दिवसीय लेख यात्रा

प्रमुखाश्रीजी द्वारा लिखित प्रेरणादायी लेखों का व्यवस्थित प्रकाशन देश भर के प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं में शाखा मंडलों के सहयोग से प्रकाशन किया गया। अभातेममं द्वारा प्रतिदिन एक लेख प्रेषित किया जाता और उस लेख का प्रकाशन अगले दिवस शाखा मंडल के प्रयास से विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशन कर प्रमुखाश्रीजी के विचारों को जन-जन तक प्रचार-प्रसार किया गया।



## कन्या मंडल द्वारा वृत्तचित्र के पांच एपिसोड

कन्या मंडल ने भी इस अभ्यर्थना में अपनी सहभागिता प्रदान करते हुए प्रमुखाश्रीजी के जीवन वृत्त पर आधारित पांच एपिसोड की शृंखला पांच सप्ताह तक प्रसारित की गई जिसमें प्रमुखाश्रीजी के पूर्ण जीवन की झलकियां थी।

अमृत सिंचन

## शाखाओं द्वारा अमृत सिंचन

प्रमुखाश्रीजी के मनोनयन अमृत महोत्सव पर शाखाओं को कथानक दृश्यांकन, भाषण प्रतियोगिता एवं क्विज़ प्रतियोगिता का कार्यक्रम निर्देशित किया गया। इसमें 210 शाखाओं ने जोश सहित आयोजन करते हुए प्रमुखाश्रीजी के अभ्यर्थना में विभिन्न तरीकों से प्रस्तुति दी।



## 'बुकमार्क' उपहृत

अमृत महोत्सव पर अभातेममं द्वारा एक विशेष 'बुकमार्क' बनवाया गया जिसमें प्रमुखाश्रीजी की फोटो सहित तीन गुरुओं के आशीर्वचन भी सम्मिलित थे। यह सीमित संस्करण वाले 'बुकमार्क' श्रावक-श्राविकाओं सहित लाडनूं में प्रवासित चारित्रात्माओं को भी निवेदित किए गए।




## विशिष्ट व्यक्तियों द्वारा शुभकामनाएं

साध्वीप्रमुखाश्रीजी के अमृत महोत्सव पर अभातेममं द्वारा देश के विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों से संदेश संकलित किए गए। **श्रीमती मीनाक्षी लेखी** (Minister of State for External Affairs), **श्रीमती पूजा कपिल मिश्रा** (National VP - BJP Mahila Morcha), **श्रीमती किरण बेदी** (Former Governor - Puducherry), **श्री भूपेन्द्र पटेल** (Chief Minister of Gujarat), **श्री हरीश सांघवी** (Minister of State for Home, Youth and Sports - Gujarat), **श्रीमती उषा ठाकुर** (Minister for Culture - MP), आदि गणमान्य व्यक्तियों के video bytes प्राप्त हुए।

## आचार्यप्रवर का 'रोहिणी', आचार्य महाश्रमण फिज़ियोथेरेपी एवं आचार्य तुलसी स्मारक में पदार्पण

**26 जनवरी की सतरंगी भोर, गुरु कृपा से हुए सराबोर**







दि. 26 जनवरी 2022 को परम श्रद्धेय आचार्यप्रवर का मंगल पदार्पण अभातेममं मुख्य कार्यालय 'रोहिणी' में हुआ। तीन गुरुओं की कृपा से निखरित असाधारण साध्वीप्रमुखाश्रीजी एवं उनके जीवन वृत्त पर आधारित विशिष्ट कला 'सेण्ड ऑर्ट' का पूज्यप्रवर ने अवलोकन किया। कलाकृति को निखारती गुरु दृष्टि से सभी ने धन्यता का अनुभव किया। रोहिणी भवन में मंगलपाठ प्रदान कर 'रोहिणी' की रश्मियों को पूज्यप्रवर ने नव–ऊर्जा प्रदान की।

जैन विश्व भारती में अभातेममं द्वारा निर्मित 'आचार्य महाश्रमण फिज़ियोथेरेपी सेन्टर' में पूज्यप्रवर का पदार्पण हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया ने गत् छः वर्षों से संचालित फिज़ियोथेरेपी सेन्टर की गतिविधियों की पूर्ण जानकारी श्रीचरणों में निवेदित की। फिज़ियोथेरेपी सेन्टर संयोजिका श्रीमती कल्पना बैद ने सेन्टर में चल रहे उपचार की जानकारी निवेदित की। गुरुदेव ने महती कृपा कर सेन्टर का अवलोकन कर अभातेममं द्वारा निर्मित सेन्टर हेतु फरमाया कि बिना किसी दवाई के बाह्य ईलाज से ही यदि कोई बीमारी ठीक हो जाए, यह अच्छी बात है। गुरुदेव ने फिज़ियोथेरेपी सेन्टर में मंगलपाठ प्रदान कराने की कृपा कराई।

अभातेममं द्वारा निर्मित 'आचार्य तुलसी स्मारक' पर आचार्यप्रवर का धवल सेना सहित पदार्पण हुआ। स्मारक पर जमीन पर बिराज कर अपने गुरु की अभिवन्दना करते हुए उनका स्मरण किया। गुरुदेव ने फरमाया कि यह समाधि स्थल तो नहीं है पर देखने में यह स्मारक किसी समाधि स्थल से कम भी प्रतीत नहीं होता। गुरुदेव तुलसी का महिला जाति पर जो उपकार था, यह स्थान उस उपकार का ही फलस्वरूप है, ऐसा प्रतीत होता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया ने आचार्य तुलसी स्मारक के निर्माण का इतिहास बताते हुए पूज्यप्रवर के पदार्पण हेतु कृतज्ञता ज्ञापित की। गुरुदेव ने नवनिर्मित आचार्य तुलसी की 3D कलाकृतियों एवं मुद्राओं का भी अवलोकन किया।

## साध्वीप्रमुखाश्रीजी का स्मारक में पदार्पण, गुरु तुलसी को किया श्रद्धा अर्पण

**'सेण्ड ऑर्ट' का भी अवलोकन**





दि. 29 जनवरी 2022 को परम श्रद्धेया साध्वीप्रमुखाश्री कनकप्रभाजी का अभातेममं द्वारा निर्मित 'आचार्य तुलसी स्मारक' में पदार्पण हुआ। प्रमुखाश्रीजी ने अपने दीक्षा गुरु को श्रद्धा अर्पण किया। 'रोहिणी' के पार्श्व में निर्मित विशिष्ट 'सेण्ड ऑर्ट' का अवलोकन भी प्रमुखाश्रीजी ने किया। अभातेममं एवं उपस्थित सभी महिलाओं के मुखारबिन्द पर कृतज्ञता के भाव मुखरित हो रहे थे। महिला मंडल पर्यवेक्षक 'शासन गौरव' साध्वीश्री कल्पलताजी आदि साध्वीवृंद भी प्रमुखाश्रीजी सहित इन स्थलों पर पधारे।

## 'रोहिणी' में प्रमुखाश्रीजी हेतु तीन गुरुओं द्वारा प्रदत्त आशीर्वचन की झलकियां




साभार : श्री सुरेन्द्र चौरड़िया (चाड़वास – कोलकाता)

## कन्या सुरक्षा योजना के अन्तर्गत Benches का उद्घाटन

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया के जनवरी माह में अहमदाबाद एवं फरवरी माह में कोलकाता उपनगरीय संगठन यात्रा के अन्तर्गत विभिन्न शाखाओं ने benches के उद्घाटन करवाए। कुल 34 benches का उद्घाटन किया गया। Benches विवरण इस प्रकार है :–

**अहमदाबाद**
**8 Benches**
@ Sabarmati Railway Station & LG Hospital
अध्यक्ष श्रीमती चांद छाजेड़
मंत्री श्रीमती अनिता कोठारी

**साउथ कोलकाता**
**10 Benches**
@ Dr Anjula Vinayakiya's Mohan Clinic
अध्यक्ष श्रीमती अनिता सुराणा
मंत्री श्रीमती बबीता भूतोड़िया

**उत्तर हावड़ा**
**6 Benches**
@ Dr Bhansali's Heart & Diabetes Clinic
अध्यक्ष श्रीमती शान्ति श्रीमाल
मंत्री श्रीमती सुजाता दूगड़

**बाली–बेलुड़**
**2 Benches**
@ Belur State General Hospital
अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंघी
मंत्री श्रीमती अंकिता बोथरा

**उत्तरपाड़ा**
**2 Benches**
@ Mahamaya Shishu O Matri Mangal Kendra
अध्यक्ष श्रीमती कुसुम नाहटा
मंत्री श्रीमती सुमन सिंघी

**हिन्दमोटर**
**4 Benches**
@ Park Lions Hospital & Matri Sadan Hospital
अध्यक्ष श्रीमती समता गिड़िया
मंत्री श्रीमती विनिता मालू

**रिसड़ा**
**2 Benches**
@ Matri Sadan Hospital
अध्यक्ष श्रीमती सूर्यकान्ता महनोत
मंत्री श्रीमती सुनीता सुराणा

मार्च माह की रूपांतरण शिल्पशाला

# शुभ लेश्या और सही रंग सीखें जीवन जीने का सही ढंग

**.... The doctrine of aura and colours ...**




**लेश्या**

| कृष्ण | नील | कापोत | तेजो | पद्म | शुक्ल |
|---|---|---|---|---|---|
| हिंसक, उग्र<br>क्रूर, क्रोध | धोखा, झूठ<br>लालच, अहंकार | कायर, भय<br>हीनता, दोषारोपण | भद्रता, सावधानी<br>प्रवीणता, सम्मानी | स्वधर्मी, समझदार<br>सहिष्णु, नैतिक | पवित्र, आध्यात्मिक<br>नेक, परोपकारी |

## लेश्या क्या है ?

जो आत्मा को कर्मों से लिप्त करवाती है, जिसके द्वारा आत्मा पाप–पुण्य के रंगों से रंगी जाती है, वह लेश्या है। जैसे – मिट्टी, गेरु, विभिन्न रंगों से दीवार रंगी जाती है, वैसे ही शुभ अशुभ भावों से आत्मा पर रंग चढ़ता है, जो भावों के साथ बदलता रहता है। मनुष्य के अच्छे बुरे भावों से, feelings से जो aura बनती है, वह लेश्या है। प्रारंभ की तीन लेश्याएं अशुभ है और अन्तिम तीन शुभ।

## लेश्या का दृष्टान्त




छः व्यक्ति एवं उनके फल खाने का दृष्टिकोण

## रंगों का पर्व : रंगों के प्रभाव (Colour Therapy)

होली का त्यौहार रंगों का पर्व माना जाता है। वैसे ही जीवन में रंगों का अत्यधिक महत्त्व है। हर रंग अलग–अलग भावनाओं की अनुभूति पैदा करता है। रंगों को अनेक वर्गों में विभाजित किया जा सकता है जैसे गर्म, शांत, खुशनुमा, उदास, स्फूर्तिदायक इत्यादि। Colour Therapy द्वारा हम physically & emotionally healthy रह सकते हैं।

## रंगों का प्रभाव हमारे स्वास्थ्य पर




प्रत्येक रंग हमारे स्वास्थ्य एवं शरीर की ऊर्जा प्रणाली को प्रभावित करते हैं। भोजन का रंग जहां हमारे mood को बदल सकता है, वहीं नींद को प्रभावित कर सकता है। Dieticians सलाह देते है Rainbow Diet की यानी ऐसे food के सेवन की जो rainbow के सात रंगों को represent करते हों। समझें और जानें Colour Therapy.

## रंगों का प्रभाव आध्यात्मिक दृष्टिकोण से



हमारी विचारधारा को संतुलित बनाने में ध्यान का अपना महत्त्व है और ध्यान में भी रंगों का बड़ा योगदान है। चैतन्य केन्द्रों पर विभिन्न रंगों का ध्यान करना भी साधना की पद्धति है। प्रेक्षाध्यान पद्धति में रंगों की साधना के माध्यम से समझाएं। Colours and emotions are intertwined, so choose colours according to its effects.

## Practice to achieve शुक्ल लेश्या - the purest one

लेश्या को अशुभ से शुभ एवं शुभ से शुभ्रतम ले जाने हेतु Practice करें –

1. Meditation
2. श्वास प्रेक्षा
3. अनेकान्तवाद
4. मैत्री, करूणा आदि की अनुप्रेक्षा
5. क्षमाशीलता

इस स्टेशन से मिले पोषण को हर परिस्थिति में शुभ्रता सहित उतारने का प्रयास करें। इसी के साथ कल्पवृक्ष एक्सप्रेस 'शुभ्रता' स्टेशन से आगे बढ़ेगी और अगले माह अगले स्टेशन की ओर...



शुभम् अस्तु!!!

निर्जरा का विशिष्ट उपक्रम एवं पूज्यप्रवर की रास्ते की सेवा का उपक्रम

# 'भावना सेवा' में सेवार्थी

भावना सेवा

में सेवा देने वाले शाखाओं एवं बहनों को हार्दिक साधुवाद

**20 नवम्बर से 26 नवम्बर – विजयनगर, बेंगलुरु**
श्रीमती प्रेम बोरड़, श्रीमती सुमित्रा बरड़िया, श्रीमती मंजु गादिया, श्रीमती सुनिता भटेवरा

**27 नवम्बर से 3 दिसम्बर – हनुमंतनगर, बेंगलुरु**
श्रीमती कांता धोका, श्रीमती मंजु धारीवाल, श्रीमती चन्द्रा नाहर

**4 दिसम्बर से 10 दिसम्बर – जयपुर सी-स्कीम**
श्रीमती विजया डागा, श्रीमती रेणु डागा, श्रीमती नीरू पुगलिया, श्रीमती रेखा बोकड़िया, श्रीमती सुनिता गंग

**11 दिसम्बर से 17 दिसम्बर – जयपुर शहर**
श्रीमती निर्मला सुराणा, श्रीमती सायर बागरेचा, श्रीमती दिनेशबाला बरड़िया, श्रीमती पायल बैद, श्रीमती एकता बरड़िया

**18 दिसम्बर से 24 दिसम्बर – उदयपुर**
श्रीमती शान्ता इन्द्रावत, श्रीमती सुशीला पोरवाल, श्रीमती बसन्त कंठालिया, श्रीमती कान्ता सिंघवी, श्रीमती आशा सुराणा

**25 दिसम्बर से 31 दिसम्बर – राजसमन्द**
श्रीमती मंजू शोभावत, श्रीमती कैलाश मादरेचा, श्रीमती कंचन चपलोत, श्रीमती निर्मला चपलोत, श्रीमती चंचल चपलोत

**1 जनवरी से 7 जनवरी – सायरा**
श्रीमती सुशीला भोगर, श्रीमती शान्ता मेहता, श्रीमती मीना मेहता, श्रीमती शारदा कावड़िया, श्रीमती तारा भोगर

**8 जनवरी से 12 जनवरी – जलगांव**
श्रीमती नम्रता सेठिया, श्रीमती सरिता धाड़ेवा, श्रीमती मंजुला डोसी, श्रीमती उमा सांखला, श्रीमती मीना छाजेड़

**22 जनवरी से 28 जनवरी – सूरत**
श्रीमती राखी बैद, श्रीमती सीमा भोगर, श्रीमती सारिका बैद, श्रीमती प्रीति सुराणा

**29 जनवरी से 4 फरवरी – कटक**
श्रीमती हीरा बैद, श्रीमती सायर सिंघवी, श्रीमती ललिता सिंघी, श्रीमती नूतन बिनायकिया

**5 फरवरी से 11 फरवरी – बालोतरा**
श्रीमती निर्मला संखलेचा, श्रीमती पुष्पा सालेचा, श्रीमती पुष्पा ओस्तवाल, श्रीमती पुष्पा बालड़, श्रीमती समता भंसाली

**अभातेममं सदस्यों द्वारा प्रदत्त सेवा**
श्रीमती सरिता डागा, श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा, श्रीमती पुष्पा बैद, श्रीमती शशि नाहर, श्रीमती इन्द्रा लुणिया, श्रीमती ममता रांका, श्रीमती सारिका बागरेचा

श्रीमती किरण आंचलिया की विशिष्ट सेवाएं अनवरत प्राप्त हुई।

## श्री उत्सव

*A Platform... To the Women... By the Women... For Everyone*

An Exhibition to boost Creativity, Homemade Items, Handmade Items & Businesses of Women

अभातेममं द्वारा प्ररूपित श्रीउत्सव बहनों के स्वावलम्बन विकास व आत्मविश्वास संवर्द्धन में सहायक सिद्ध हो रहा है। शाखाओं से निवेदन है कि इस वर्ष भी श्रीउत्सव का आयोजन अवश्य करें। अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क सूत्र संयोजिका श्रीमती सरिता गोठी मो. 9448362514 या श्रीमती संगीता बाफना मो. 9836060000

## शाखा मंडल हेतु विशेष ध्यानार्थ

1 मार्च 2022 से
शाखाओं हेतु
ऑनलाइन रिपोर्टिंग
प्रारम्भ कर की जा रही है।
विस्तृत जानकारी शाखाओं को
WhatsApp Groups के माध्यम से प्रेषित की जाएगी।

8 march INTERNATIONAL WOMEN'S DAY

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च 2022

पर अधोलिखित कार्यक्रम आयोजन किए जाएं :-

- महासती सरदारांजी के जीवन पर आधारित नाटिका मंचन करें, जिसमें पूरे समाज की सहभागिता हो।
- जिनका स्वयं का जीवन एक मिसाल हो, ऐसी एक/दो महिलाओं को वक्ता के रूप में आमंत्रित कर सुनें कामयाबी की कहानी, उन्हीं की जुबानी।
- कला अभ्युदय योजना के अंतर्गत एक या दो तेरापंथी/जैन बहनों का हाथ थाम कर उन्हें आत्मविश्वास की राह दिखाएं और उन्हें सक्षम बनाएं।
- एक ऐसी मां को प्रेरणा सम्मान पत्र से सम्मानित करें जिसने single parent रहते हुए आत्मविश्वास और स्वावलम्बन से अपने बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनाया है। कार्यक्रम संबंधित अन्य जानकारी हेतु सम्पर्क करें :

श्रीमती ललिता धाड़ीवाल मो. 9826358200 या श्रीमती रचना हिरण मो. 9821385587

(विस्तृत विवरण नारीलोक के जनवरी-फरवरी माह अंक में)

कन्या मंडल

## आहट... उजले कल की संभावनाएं स्वर्णिम पल की

होली का त्यौहार हमें सिखाता है बुराइयों के विरुद्ध उठा एक प्रयत्न। होली स्वयं से स्वयं के साक्षात्कार का पर्व है। होली का त्यौहार एवं बसंत ऋतु दोनों ही पुरुषार्थ के प्रतीक हैं। इस अवसर पर प्रकृति सारी खुशियां समेट कर दुल्हन की तरह सजी संवरी होती है। पुराने की विदाई होती है, नया रूप आता है। पेड़–पौधे भी इस ऋतु में नया परिधान धारण कर लेते हैं। बसंत का मतलब ही है नया जोश, नई आशा, नया उल्लास और नई प्रेरणा। हम भी अपने मन की मैली परतों को उतार कर भीतरी परिवेश को भी मजबूत बनाएं। होली के रंग हर्षोल्लास के साथ अपने जीवन में बिखेरते हुए अपने लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाएं।

*अर्चना भण्डारी*

कन्या मंडल प्रभारी, मो. 9810011500

## DIVAS IN DEFENCE : Self Defence For Girls - आगामी करणीय कार्य

Divas in Defence

आज हम अपनी कन्याओं को अच्छी शिक्षा, अच्छा खानपान, अच्छा रहन–सहन और अच्छा व्यवहार तो सिखा रहे हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा के लिए क्या कर रहे हैं? इसके लिए हम सभी को कन्याओं की सुरक्षा के लिए जागरूक होना होगा। अश्लीलता, छेड़छाड़ व bad touch के प्रति जागरूकता अति आवश्यक है। इन सबसे बचने हेतु आत्मरक्षा करने वाले कदम भी अत्यन्त जरूरी है। समय की मांग है कि हमारी कन्याएं आत्मरक्षा हेतु Self Defence Techniques अवश्य जानें और उसका सही प्रशिक्षण भी प्राप्त करें। आत्मरक्षा प्रशिक्षण न केवल सुरक्षा और अधिकारों के बारे में ज्ञान के स्तर को बढ़ाता है अपितु कन्याओं के आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हुए उनके शिक्षा एवं professional तरक्की में भी सहायक बनता है।

अभातेमम इस ओर अपना कदम बढ़ाते हुए कन्या मंडल हेतु Divas in Defence प्रोजेक्ट का आगाज़ कर रहा है। हर क्षेत्र की कन्या मंडल अपने क्षेत्र से किसी professional प्रशिक्षक से Self Defence Techniques का प्रशिक्षण प्राप्त करे। यह प्रशिक्षण न्यूनतम 4 से 6 सत्र में आवश्यक रूप से करवाएं। समय और अवधि क्षेत्र अपनी सुविधानुसार निर्धारित कर सकते हैं। इस प्रोजेक्ट को मार्च 2022 से प्रारम्भ किया जाए।

अधिक जानकारी हेतु कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भण्डारी, मो. 9810011500 से सम्पर्क करें।

## *Jain Trivia*

**MINDFUL MONDAY**

***Jain Trivia*** के अन्तर्गत जैन धर्म की जानकारी रोचक रूप से वीडियो के माध्यम से ***WhatsApp*** के जरिए कन्याओं को हर सप्ताह दी जाती है। अभी तक दी गई ***Jain Trivia*** निम्नोक्त है :

**अक्टूबर 2021**
- नीवी
- नमस्कार महामंत्र
- मंगल पाठ

**नवम्बर 2021**
- वन्दन पाठ
- परमेष्ठी वन्दना
- अर्हत् वन्दना
- लोगस्स पाठ
- जप मंत्र माला

**दिसम्बर 2021**
- तीर्थंकर
- भगवान ऋषभदेव
- भगवान अजितनाथ
- भगवान संभवनाथ

**जनवरी 2022**
- मनोनयन माह प्रमुखाश्री को समर्पित
- अवतरण चैतन्य रश्मि का
- विकास की कहानी
- प्रभावी व्यक्तित्व की निशानी
- नेतृत्व की नूतन भोर
- संघ विकास की सजग प्रहरी
- अभिवन्दन अभिनन्दन

# SYNERGY

दिसम्बर माह में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया, महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया एवं कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भण्डारी ने 99 क्षेत्रों की Synergy Virtual Meet संगठन यात्रा सम्पन्न की।

| Zone | States | क्षेत्र | सदस्य |
|---|---|---|---|
| South | Karnataka, Tamilnadu, Andhra Pradesh, Telangana | 18 | 135 |
| West | Gujarat, Maharashtra | 15 | 426 |
| North | Haryana, Punjab, Delhi, Uttar Pradesh | 7 | 111 |
| East | Bihar, Assam, Jharkhand, Meghalaya | 110 | 79 |
| Rajasthan & Nepal | Mewar, Marwar, Thali, Nepal | 30 | 171 |
| East & West | West Bengal, Odisha, Madhya Pradesh, Chattisgarh | 19 | 206 |

6 विभिन्न Virtual Meet के जरिए 99 क्षेत्रों के अध्यक्ष, क्षेत्रीय प्रभारी, कन्या मंडल प्रभारी, कन्या मंडल संयोजिका, कन्या मंडल सह–संयोजिका एवं देश भर की कन्याओं को जुड़ने का अवसर मिला। कन्याओं को संस्था के नियम, गतिविधियां, रीति–नीति की जानकारी प्रदान की गई। कुल 1100 से अधिक कन्याओं की सहभागिता में कन्याओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। प्रत्येक Meet लगभग दो घण्टे चली एवं क्षेत्रीय प्रभारियों का विशेष श्रम मुखरित हुआ। Virtual Meet से जुड़ी सभी बहनों एवं कन्याओं को साधुवाद।

## Turning Point - कन्या मंडल कार्यशाला

### उधना कन्या मंडल

दि. 6 जनवरी 2022 को अभातेममं के तत्त्वावधान में उधना तेममं व उधना तेकमं द्वारा दक्षिण गुजरात स्तरीय कार्यशाला Turning Point का आयोजन साध्वी श्री लब्धीश्रीजी के सान्निध्य में किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता तथा महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा, सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी, कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भंडारी की विशिष्ट उपस्थिति में तेरापंथ भवन उधना में आयोजित कार्यशाला में सूरत, पर्वतपाटिया, लिम्बायत, सचिन, कीम, कामरेज, बारडोली, वडोदरा, वापी, चिकली, वलसाड, बिलिमोड़ा आदि क्षेत्रों की 96 कन्याओं ने सहभागिता प्रदान की।

साध्वीश्री आराधनाश्रीजी एवं साध्वीश्री जागृतप्रभाजी के महामंत्रोच्चार से कार्यशाला प्रारम्भ हुई। उधना कन्या मंडल की कन्याओं ने स्वागत गीतिका प्रस्तुत की। उधना कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती नीलम डांगी ने सभी का स्वागत किया। सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी ने game के माध्यम से कन्याओं को keys of sucess के बारे में बताया। कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भंडारी ने कन्याओं को activity द्वारा success तक पहुंचने के माध्यम बताए। साध्वी श्री आराधना श्री ने कन्याओं को प्रेरणा दी। उधना तेकमं ने 'बेटी से बहू तक का सफर' का act एक video के माध्यम से दिखाया। Motivator श्रीमती मेघना सुराणा ने Maa & Me विषय पर बहुत ही सुंदर तरीके से समझाया। तत्पश्चात् Group Discussion & Talk Show आयोजित हुआ। संचालन तेकमं संयोजिका श्रीमती उन्नति बाफना ने किया। आभार सुश्री प्रीति भलावत ने किया।

### अहमदाबाद कन्या मंडल

दि. 7 जनवरी 2022 को साध्वीश्री सरस्वतीजी के पावन सान्निध्य में अभातेममं के तत्त्वावधान में अहमदाबाद तेकमं द्वारा Turning Point के अन्तर्गत Release the Unreleased कार्यशाला का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी, कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भण्डारी, रा.का.स. श्रीमती अदिति सेखानी की गरिमामय उपस्थिति रही। म्युनिसिपल कांउसिल बाल विकास श्रीमती प्रतिभा जैन एवं मोटिवेशनल स्पीकर श्रीमती श्वेता मोदी ने सारगर्भित वक्तव्य दिया। गांधीधाम एवं अमराईवाड़ी कन्या मंडल की भी सहभागिता रही।

# सफ़र : संकल्प से सफलता तक

## उधना में 'सफ़र संकल्प से सफलता तक' कार्यशाला

दि. 6 जनवरी 2022 को अभातेममं के तत्त्वावधान में साध्वीश्री लब्धिश्रीजी के सान्निध्य में तेरापंथ महिला मंडल उधना द्वारा 'सफ़र संकल्प से सफलता तक' कार्यशाला का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता एवं महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा, सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी, कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अर्चना भंडारी, गुजरात प्रभारी श्रीमती श्रेया बाफना की गरिमामय उपस्थिति में महामंत्रोच्चार सहित कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती जशु बाफना ने स्वागत स्वर उकेरे। श्रीमती कनक बरमेचा ने साध्वीप्रमुखाश्रीजी के संदेश का वाचन किया। गुजरात प्रभारी श्रीमती श्रेया बाफना के वक्तव्य पश्चात् स्थानीय सभाध्यक्ष श्री पारसमल बाफना, तेयुप अध्यक्ष श्री मनीष दक, महासभा उपाध्यक्ष लक्ष्मी लाल बाफना, श्री अर्पित नाहर ने शुभकामनाएं प्रेषित की। साध्वीप्रमुखाजी के अमृत महोत्सव पर शब्द चित्र की प्रस्तुति दी गई, जिसमें श्रीमती महिमा चौरड़िया का श्रम मुखरित हुआ।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया ने आभामंडल को विस्तृत करने के गुर बताते हुए prefect, positive thoughts, prathama आदि के बारे में विस्तार से समझाया। साध्वीश्री लब्धिश्रीजी ने अपने मंगल उद्बोधन में सफलता के तीन सूत्र बुद्धि, बल, शक्ति के बारे में बताया।

द्वितीय सत्र 'Maa & Me' में माँ ओर बेटी के बीच के रिश्ते को बहुत सहजता से समझाया Motivator श्रीमती मेघना सुराणा ने। तृतीय सत्र में श्रीमती नीलम सेठिया और श्रीमती मधु देरासरिया ने 'कैसे बनें संस्था के सजग प्रहरी' विषय पर उत्प्रेरक वक्तव्य दिया। चतुर्थ सत्र ABTMM at your doorstep में समागत शाखाओं का सम्मान किया गया एवं उनकी जिज्ञासाओं का समाधान दिया गया। मंत्री श्रीमती सुनीता चौरड़िया ने आभार ज्ञापित किया। सूरत, नवसारी, सचिन, लिम्बायत, चलथान, बारडोली, पर्वतपाटिया, किम, कामरेज, आदि क्षेत्रों से लगभग 450 बहनों ने सहभागिता दर्ज करवाई।

## सेलम में तमिलनाडु स्तरीय आंचलिक कार्यशाला

दि. 10 फरवरी 2022 को मुनिश्री सुधाकरकुमारजी एवं मुनिश्री नरेशकुमारजी के सान्निध्य में अभातेममं के तत्त्वावधान में सेलम तेमम द्वारा तमिलनाडु व केरल स्तरीय आंचलिक कार्यशाला 'सफर संकल्प से सफलता तक' का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में रा.का.स. श्रीमती वीणा बैद, श्रीमती मधु कटारिया, श्रीमती मंजुला डूंगरवाल, श्रीमती शालिनी लूंकड की गरिमामय उपस्थिति रही। चेन्नै, इरोड़, गुडियात्तम, कोयम्बत्तूर, तिरुप्पुर, शिवकाशी एवं तिरुकलुकुण्ड्रम की बहनों ने उत्साह पूर्वक उपस्थिति दर्ज कराई।

प्रथम सत्र का विषय था New You & Me... Let's Celebrate WE. स्थानीय मंडल द्वारा प्रेरणा गीत की प्रस्तुति हुई। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती सुनीता बोहरा ने सभी का स्वागत किया। श्रीमती शालिनी लुंकड़ ने साध्वीप्रमुखाजी का संदेश का वाचन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने वक्तव्य द्वारा महिलाओं को उत्प्रेरित किया। मुनिश्री ने अपने मंगल उद्बोधन में 5H - Health, Humbleness, Happiness, Honesty and High thinking को जीवन में उतारने के लिए प्रतिबोधित किया। श्रीमती वीणा बैद ने अपने अभिभाषण में नकारात्मकता को सकारात्मकता में बदलने हेतु प्रेरित किया। स्थानीय मंत्री श्रीमती सरिता चोपड़ा ने आभार ज्ञापित किया।

द्वितीय सत्र TalkShow का विषय था – Unbiased Gender Upbringing Career. इस सत्र के Panelist थे श्रीमती नीलम सेठिया, Principal श्रीमती कविता गोडिया एवं Motivator श्रीमती रुपाली प्रभु। सुश्री रचना बैद द्वारा संचालन किया गया। श्रीमती मधु कटारिया ने भी अपने विचार रखे। तृतीय सत्र में Group Discussion आयोजित हुआ जिसका विषय था – Mend Force behind Divorce. श्रीमती नीलम सेठिया एवं श्रीमती वीणा बैद ने विषय के विभिन्न पहलूओं से अवगत कराया। चतुर्थ सत्र – Open Forum - ABTMM at your doorstep में बहनों की जिज्ञासा का समाधान दिया गया।

## कोलकाता उपनगरीय कार्यशाला एवं संगठन यात्रा

दि. 19 फरवरी 2022 को कोलकाता उपनगरीय लिलुआ, बॉली–बेलुड़, उत्तरपाड़ा, हिन्दमोटर एवं रिसड़ा महिला मंडल द्वारा 'परचम केसरिया शक्ति का' कार्यशाला एवं संगठन यात्रा का आयोजन अभातेममं अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में रिसड़ा में किया गया। महामंत्रोच्चार पश्चात् उपनगर की बहनों ने प्रेरणा गीत का संगान किया। शाखा अध्यक्षों एवं मंत्रियों ने स्वागत गीतिका प्रस्तुत की। हिन्दमोटर कन्या मंडल द्वारा 'परचम केसरिया शक्ति का' पर एक सुन्दर रंगोली और लघु नाटिका प्रस्तुत की गई।

श्रीमती नीलम सेठिया ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए संस्था के सजग प्रहरी बनने पर बल दिया। बंगाल प्रभारी श्रीमती रमन पटावरी एवं श्रीमती सोनम बागरेचा सहित रा.का.स. श्रीमती बबीता भूतोड़िया, श्रीमती अनुपमा नाहटा एवं एसोसिएट मेम्बर श्रीमती संगीता बाफणा की गरिमामय उपस्थिति रही। उपनगर की प्रभावी एवं सुव्यवस्थित सामूहिक कार्यशाला उनकी संगठित शक्ति का परिचायक बन रही थी। अन्तिम चरण में बहनों की जिज्ञासाओं का समाधान दिया गया। अभातेममं द्वारा उपनगरीय क्षेत्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। आभार ज्ञापन लिलुआ तेममं की मंत्री श्रीमती सुनीता बैद ने किया। संचालन श्रीमती मधु महनोत एवं श्रीमती अंकिता लूणिया ने किया।

# परचम केसरिया शक्ति का

## साउथ हावड़ा

दि. 16 फरवरी 2022 को अभातेममं के तत्त्वावधान में साउथ हावड़ा तेममं द्वारा साध्वी श्री स्वर्णरेखाजी के पावन सान्निध्य में 'परचम केसरिया शक्ति का' कार्यशाला आयोजित की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में संरक्षिका श्रीमती तारा देवी सुराणा, ट्रस्टी श्रीमती सूरज बरड़िया, परामर्शक श्रीमती लता गोयल, बंगाल प्रभारी श्रीमती रमन पटावरी, श्रीमती सोनम बागरेचा, रा.का.स. श्रीमती बबिता भूतोड़िया एवं एसोसिएट मेम्बर श्रीमती संगीता बाफना की गरिमामय उपस्थिति रही।

स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रकान्ता पुगलिया ने सभी का स्वागत किया। कन्या मंडल ने स्वागतम् गीत पर सुंदर प्रस्तुति दी। ट्रस्टी श्रीमती सूरज बरडिया ने प्रेरक वक्तव्य दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया ने जापान की तकनीक काइजेन के हर एक शब्द का अर्थ समझाते हुए बताया कि किस प्रकार एक संगठन को चलाने के लिए यह तकनीक कारगर सिद्ध होती है। कार्यशैली कैसी हो एवं उस कार्यशैली के क्या Do's and Dont's है, इसे विस्तार से समझाया।

साध्वी श्री जी ने मंगल उद्‌बोधन में Cool, Pull and Rule के गुण जीवन में उतारते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। आचार्यश्री महाश्रमणजी के 60वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 60 संकल्पों को एक सुन्दर प्रोजेक्ट के रूप में बना कर अनावरण किया गया। आभार ज्ञापन मंत्री श्रीमती रेखा बैंगानी ने किया। संचालन श्रीमती सरिता शामसुखा एवं श्रीमती रेखा बैंगानी ने किया। अभातेममं की ओर से साउथ हावड़ा मंडल को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## बेहाला

दि. 16 फरवरी 2022 को अभातेममं के तत्त्वावधान में बेहाला तेममं ने 'परचम केसरिया शक्ति का' कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में किया। साथ ही गरिमामयी उपस्थिति रही ट्रस्टी श्रीमती सूरज बरडिया, बंगाल प्रभारी श्रीमती रमन पटावरी, श्रीमती सोनम बागरेचा, रा.का.स. श्रीमती अनुपमा नाहटा एवं एसोसिएट मेम्बर श्रीमती संगीता बाफना की। महामंत्रोच्चार पश्चात् बहनों द्वारा मंगलाचरण एवं स्वागत गीत का संगान हुआ। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती वीणा पारख ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। बहनों द्वारा 'परचम केसरिया शक्ति' पर एक सुन्दर प्रस्तुति दी गई।

ट्रस्टी श्रीमती सूरज बरड़िया, बंगाल प्रभारी श्रीमती रमन पटावरी ने अपने उद्‌गार से बहनों में जोश भरा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रेरक वक्तव्य में मंडल की प्रत्येक बहन को किसी एक कार्य में पारंगत होने की प्रेरणा देते हुए सभी बहनों में नव उत्साह एवं उमंग भरा। श्रीमती राखी बैद ने संचालन किया एवं मंत्री श्रीमती महिमा कोठारी ने आभार ज्ञापित किया। अभातेममं की ओर से बेहाला मंडल को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## उत्तर हावड़ा

दि. 19 फरवरी 2022 को अभातेममं के तत्त्वावधान में उत्तर हावड़ा तेममं द्वारा 'परचम केसरिया शक्ति का' कार्यशाला का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम जी सेठिया की अध्यक्षता में बंगाल प्रभारी श्रीमती रमन पटावरी, श्रीमती सोनम बागरेचा, रा.का.स. श्रीमती बबीता भुतोड़िया, श्रीमती अनुपमा नाहटा, एसोसिएट मेम्बर श्रीमती संगीता बाफना आदि की गरिमामय उपस्थिति रही। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा नमस्कार महामंत्र के उच्चारण सहित कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात् कार्यसमिति की बहनों ने प्रेरणा गीत की प्रस्तुति दी। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती शान्ति श्रीमाल ने सभी का स्वागत किया। महिला मंडल की बहनों द्वारा स्वागत गीतिका का संगान किया गया।

उत्तर हावड़ा के पूर्वाध्यक्ष श्री जतन पारख, सभाध्यक्ष श्री राकेश संचेती, सभा मंत्री श्री सुरेंद्र बोथरा, कोलकाता सभाध्यक्ष श्री बुधमल लुणिया, तेयुप अध्यक्ष श्री प्रवीण सिंघी, श्री तेजकरण बोथरा, अणुव्रत समिति राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री प्रताप दुगड़, अणुव्रत समिति अध्यक्ष श्री मनोज सिंघी एवं श्री सुशील बाफणा ने संक्षिप्त में विचार प्रस्तुत किए।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया ने केसरिया शक्ति के परचम का महत्व बताते हुए बहनों को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। रा.का.स. श्रीमती अनुपमा नाहटा ने भी वक्तव्य दिया। संचालन स्थानीय मंत्री श्रीमती सुजाता दुगड़ ने किया। अभातेममं की ओर से उत्तर हावड़ा मंडल को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## टॉलीगंज

दि. 16 फरवरी 2022 को अभातेममं के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में टॉलीगंज में 'परचम केसरिया शक्ति का' कार्यशाला आयोजित हुई। परामर्शक श्रीमती लता गोयल, बंगाल प्रभारी श्रीमती रमन पटावरी, श्रीमती सोनम बागरेचा एवं एसोसिएट मेम्बर श्रीमती संगीता बाफना ने उपस्थिति दर्ज करवाते हुए कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष के नमस्कार महामंत्र के उच्चारण सहित कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात् मंडल की बहनों ने मंगलाचरण एवं स्वागत गीतिका प्रस्तुत की। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती स्नेहलता पुगलिया ने भाषण द्वारा स्वागत किया। बंगाल प्रभारी श्रीमती सोनम बागरेचा ने भी प्रेरक वक्तव्य दिया। युवती बहनों द्वारा सोलह सतियों पर आधारित संवाद प्रस्तुत किया गया।

श्रीमती नीलम सेठिया ने अपने विशिष्ट अन्दाज में उपस्थित सदस्यों को केसरिया शक्ति की ताकत से परिचय करवाते हुए परचम को फहराते रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन मंत्री श्रीमती रेखा कोठारी ने किया। अभातेममं की ओर से टॉलीगंज मंडल को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

## गुजरात स्तरीय प्रबुद्ध महिला सेमिनार

शासन श्री साध्वीश्री सरस्वतीजी की पावन सन्निधि में 7 जनवरी 2022 को द्वारा अभातेममं के तत्त्वावधान में अहमदाबाद तेममं द्वारा गुजरात स्तरीय प्रबुद्ध महिला सेमिनार '360° Impact' का आयोजन हुआ। महामंत्रोच्चार पश्चात् स्थानीय बहनों ने मंगलाचरण किया।

साध्वीप्रमुखाश्रीजी के संदेश का वाचन राष्ट्रीय सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी ने किया। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती चांद छाजेड़ के स्वागत भाषण पश्चात् स्वागत गीत का संगान हुआ। रा.का.स. श्रीमती अदिति सेखानी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यकाल के शतक दिवस पूर्ण होने पर बधाइयां प्रेषित की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने समाज की ज्वलन्त समस्याओं के समाधान में अमृत रूपी घट निकले ऐसे विज़न '360° Impact' की व्याख्या की।

विधान सभा स्पीकर श्रीमती निमाबेन द्वारा प्रदत्त शुभकामना संदेश का वाचन श्रीमती अनिला सेठिया ने किया। भाजपा गुजरात प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती वर्षा बेन का प्रेरणादायी वक्तव्य रहा। साध्वीश्री सरस्वतीजी ने मंगल उद्बोधन द्वारा महिला मंडल में ऊर्जा शक्ति का संचार किया। संचालन मंत्री श्रीमती अनिता कोठारी ने किया। आभार ज्ञापन श्रीमती मीना कोठारी ने किया। रा.का.स. श्रीमती नीतू बैद, श्रीमती श्रेया बाफना एवं एसोसिएट मेम्बर श्रीमती विशाखा दफ्तरी की गरिमामय उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्रबुद्ध महिला निर्देशिका का विमोचन भी किया गया।

द्वितीय सत्र में Talk Show में panelist थे श्रीमती नीलम सेठिया, Adv. श्रीमती जस्मी सुगुन, Adv. श्रीमती रितु दुगड और श्रीमती कविता पारीख। इनका परिचय श्रीमती मधु डागा ने दिया। सत्र का संचालन श्रीमती अदिति सेखानी व श्रीमती आयुषी कोठारी ने किया। आभार श्रीमती नीतू बैद द्वारा किया गया। तृतीय सत्र में Group Discussion का विषय था Reasons of increase in Divorce. संचालन श्रीमती रीमा घीया व श्रीमती सुमन कोठारी द्वारा किया गया। चतुर्थ सत्र में 'कैसे चढ़े संस्था की सीढी, आज के दौर की नई पीढ़ी' विषय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विचार प्रस्तुत किए। संचालन श्रीमती लीला सुराणा, श्रीमती प्रतीक्षा सुतरिया एवं श्रीमती संगीता बांठिया द्वारा किया गया। आभार ज्ञापन मंत्री श्रीमती अनिता कोठारी ने किया।

## सूरत तेममं द्वारा स्नेहम् प्रोजेक्ट

दि. 5 जनवरी 2022 को तेरापंथ महिला मंडल, सूरत द्वारा स्नेहम् प्रोजेक्ट का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में सूरत तेरापंथ भवन में आयोजित किया गया। ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा, महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी तथा रा.का.स. श्रीमती श्रेया बाफना की गरिमामय उपस्थिति रही।

शुभारम्भ अंधजन शाला की बालिकाओं के मंगलाचरण से हुई। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती राखी बैद ने स्वागत वक्तव्य दिया। सूरत तेममं की बहनों ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा, महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी ने तथा सूरत सभाध्यक्ष ने अपने भावों की अभिव्यक्ति दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष का परिचय श्रीमती पूर्णिमा गादिया ने प्रस्तुत किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि स्नेहम् प्रोजेक्ट के अन्तर्गत यदि पांच बच्चे भी लाभान्वित हों तो भी इस प्रोजेक्ट की सार्थकता रहेगी। अंधजन शाला, मूकबधिर शाला, श्रद्धा वेलफेयर नामक तीन दिव्यांग स्कूलों में आवश्यक सामग्री भेंट की गई। संचालन मंत्री श्रीमती सीमा भोगर ने किया। आभार ज्ञापन उपाध्यक्ष श्रीमती चंदा भोगर ने किया।

## राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ लाडनूं तेममं की बैठक

दि. 26 जनवरी 2022 को लाडनूं तेममं द्वारा तेरापंथ भवन में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया की अध्यक्षता में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा, महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया, सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी की गरिमामय उपस्थिति रही। मंगलाचरण के साथ प्रारम्भ हुई बैठक में समस्त राष्ट्रीय पदाधिकारियों का स्वागत स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती प्रीति जैन ने किया।

ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा तथा महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया ने अपनी भावाभिव्यक्ति दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी प्रेरणा सिंचन करते हुए अपनी अभिव्यक्ति दी। डॉ. सुशीला बाफना, डॉ. माणक कोठारी, सुश्री कमला कठोतिया आदि ने भी अपनी भावनाएं प्रकट की। स्थानीय मंत्री श्रीमती नीता नाहर ने आभार व्यक्त किया। संचालन स्थानीय उपमंत्री श्रीमती राज कोचर ने किया। अमृत महोत्सव पर समायोजित कार्यक्रम हेतु दायित्व आवंटन किया गया।

## जैन स्कॉलर के नए बैच का शुभारम्भ

आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मण्डल द्वारा संचालित जैन स्कॉलर परियोजना का चतुर्थ बैच दिनाँक 25 मार्च 2022 शुक्रवार से 'रोहिणी' जैन विश्व भारती, लाडनूँ में प्रारम्भ होने जा रहा है। सभी संभागियों को यथासंभव 24 मार्च सायं 5 बजे तक (किसी भी समय) पहुंचना है। 25 मार्च प्रातः 6.45 से अध्ययन का क्रम प्रारम्भ हो जाएगा। पूरी मेहनत और लगन से चारों विषयों का गहन अध्ययन कर, सभी संभागियों को गुरुवर के स्वप्न को साकार करना है। सभी संभागी प्रवेश–फॉर्म की प्रतिलिपि और दो पासपोर्ट साईज फोटो अवश्य साथ लेकर आएं। 6 सत्रों की रजिस्ट्रेशन फीस ₹2100 ली जाएगी। अध्ययन सामग्री अभातेममं द्वारा उपलब्ध करवाई जाएगी।

सम्पर्क सूत्र : सह–निर्देशिका श्रीमती कनक बरमेचा मो. 9328072984

## संस्था का प्रयास
## फैले 7500 दिव्यांग बच्चों के जीवन में ज्ञान का प्रकाश

आजादी के 75वें वर्ष पर आयोजित प्रोजेक्ट 'स्नेहम्' से देश के दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की रोशनी देने का सार्थक प्रयास कर रहे हैं हमारे शाखा मंडल। जनवरी–फरवरी माह में शाखा मंडल द्वारा अंध–मूक–बधिर बच्चों हेतु प्रदत्त पाठ्य सामग्री की सूची :–

| शाखा | स्कूल/आश्रम का नाम | सामग्री वितरित | गणमान्य उपस्थिति |
|---|---|---|---|
| जलगांव | दीपस्तंभ फाउंडेशन | 10 विद्यार्थियों को ब्रेन डिजिटल एप्प की धनराशि | आमदार सुरेश दामू भोले<br>संस्था डायरेक्टर परेश शाह<br>प्रिंसिपल राजेंद्र पाटिल |
| पाली | नेत्रहीन विकास उद्योग समिति | 15 ब्रेल स्लेट, ब्रेल पेपर<br>100 कलम | विधायक श्री ज्ञानदचंद पारख<br>सभापति श्रीमती रेखा राकेश भाटी<br>श्री राजेंद्र सुराणा सचिव डिस्ट्रिक्ट क्लब<br>श्री विनय बंब अध्यक्ष सीईटीपी<br>श्री रिखब मरलेचा पार्षद |
| कटक | रमा देवी शिशु बिहार स्पेशल स्कूल फॉर डेफ एंड डंब | चार सुनने के यंत्र | समाज सेविका श्रीमती संपत्ति मोडा<br>श्रीमती कल्पना जैन<br>स्कूल प्रेसिडेंट श्री रघुनाथ भूत<br>स्कूल सेक्रेटरी श्रीमती कुमकुम बोस |
| नौगांव (हैबरगांव) | श्रीमंत शंकर मिशन अंध विद्यालय | 100 शीट ब्रेल पेपर | विद्यालय प्रिंसिपल श्रीमती गुन्नू बोरा<br>विद्यालय संचालक श्री अनूप ज्योति नाथ |
| मदनगंज किशनगढ़ | मीनू स्कूल | प्रिन्टर, स्टेशनरी | |
| सूरत | अंधजन शाला<br>मूक बधीर शाला | 2 मोबाइल फोन<br>1 Talking Laptop | राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीलम सेठिया<br>महामंत्री श्रीमती मधु देरासरिया<br>ट्रस्टी श्रीमती कनक बरमेचा<br>सहमंत्री श्रीमती निधि सेखानी<br>रा.का.स. श्रीमती श्रेया बाफना, श्रीमती जयंती सिंघी |
| लुधियाना | एकज्योत सेवा केन्द्र | Braille Paper,<br>Sign language Books | स्मिता अग्रवाल, Founder-Yeh Mera India, NGO |
| गांधीनगर बेंगलुरु | श्री सत्तशृंगा मूक बधिर स्कूल | श्रवण यंत्र 20 | प्रिंसिपल श्रीमती मनप्रीत कौर |
| हुबली | ब्लाइंड स्कूल | ब्रेल लिपि की पुस्तक | |
| गंगाशहर | राजकीय नेत्र विद्यालय | 15 MP3 | प्राचार्य अल्ताफ अहमद |
| जयपुर सी–स्कीम | भिक्षु साधना केंद्र | 50 Hearing Aids | श्री जगदीश नारायण मीणा<br>श्री विष्णु दत्त शर्मा<br>श्री राधेश्याम शर्मा |
| फरीदाबाद | नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड (नेब) | प्रोजेक्टर | श्री सुधीर नागर (बीजेपी नेता)<br>नेब अध्यक्ष श्री अजीतसिंह पटवा<br>उपाध्यक्ष श्री त्यागी |
| पटना जंक्शन | अंतर ज्योति कन्या विद्यालय | 1800 ब्रेल पेपर | प्रिंसिपल श्रीमती राजश्री दयाल |

# ज्ञान चेतना प्रश्नोत्तरी

## मार्च 2022

**सन्दर्भ पुस्तक : धर्म है उत्कृष्ट मंगल (पृष्ठ संख्या 1 से 22)**

### एक शब्द में उत्तर दें

1. नौ तत्त्वों के स्थान पर तत्त्वार्थसूत्र में कितने तत्त्व उल्लिखित हैं ?
2. नौ तत्त्वों में जीव तत्त्व कितने हैं ?
3. पंचेन्द्रिय जीवों के कितने प्रकार हैं ?
4. छः द्रव्यों में दूसरा अजीव द्रव्य कौन सा है ?
5. आठ कर्मों में प्रथम चार कर्म घाती कहलाते या आघाती ?
6. दशम गुणस्थान में कितने कर्मों का बन्ध होता है ?
7. केवल योग से होने वाला बंध कौन सा बंध कहलाता है ?
8. नव तत्त्वों में कौन से तत्त्व को कर्मों का कर्त्ता माना गया है ?
9. छः द्रव्यों में आत्मा भी एक द्रव्य हे उसकी दो अवस्थाएं होती है एक स्वाभाविक अवस्था व दूसरी अवस्था कौन सी ?
10. नौ तत्त्वों में छठा तत्त्व कौन सा?

### रिक्त स्थान की पूर्ति करें

11. सिद्ध जीवों को नव तत्त्वों के नवमें भेद .......................... में लिया जा सकता है।
12. स्थावर जीवों के .......................... भेद होते हैं।
13. गुण का अर्थ है वस्तु का .......................... धर्म।
14. अजीव का अन्तिम और अनस्तिकाय द्रव्य है .......................... ।
15. .......................... और अशुभ कर्म एक साथ एक ही समय में एक ही जीव के बंध सकते हैं।
16. जैन दर्शन .......................... को नहीं मानता, किन्तु वह नियति को स्वीकार करता है।
17. संसार की विचित्रता का आधार व कारण .......................... है।
18. आचार्य भिक्षु ने .......................... में आश्रव और कर्म की भिन्नता को स्पष्ट किया है।
19. प्राणातिपात विरमण संवर आदि पन्द्रह संवर .......................... के भेद है।
20. श्रावक के सारे पौदगलिक भोग मन–वचन–काय के .......................... व्यापार है।

**प्रविष्टि भेजने की अन्तिम तिथि : 20 मार्च 2022**

Google Form Link : https://forms.gle/oXbrbuvhrdz85Gcw7

(Click here to go to Google Form)

### जनवरी 2022 प्रश्नोत्तरी के सही उत्तर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. रामनरेश सोनी ने | 2. कवि बालक राय ने | 3. जैनेन्द्र कुमार जी ने | 4. यशपाल जैन ने | 5. महाप्रज्ञ श्री ने |
| 6. गुरुदेव श्री ने | 7. महाश्रमणी जी ने | 8. शुभप्रभाजी ने | 9. छोटू ने | 10. डॉ. अश्वनी राय ने |
| 11. पांडुलिपि | 12. प्रौढ़ | 13. सर्वश्रेष्ठ | 14. गंगा | 15. संवेदनशील |
| 16. काललब्धि | 17. तीसरी | 18. भक्ति | 19. आचार | 20. सूत्र |

### जनवरी 2022 प्रश्नोत्तरी के भाग्यशाली विजेता

| | | |
|---|---|---|
| 1. श्रीमती राजश्री पुगलिया, कालीकट | 2. श्रीमती पूनम जैन, राजराजेश्वरी नगर | 3. श्रीमती लीला श्रीश्रीमाल, ब्यावर |
| 4. श्रीमती मंजू लुणिया, फरीदाबाद | 5. श्रीमती मंजू भूतोडिया, नई दिल्ली | 6. श्रीमती डिम्पी जैन, टोहाना |
| 7. श्रीमती खुशी गिडिया, चेन्नै | 8. श्रीमती सीमा डागा, खुश्कीबाग | 9. श्रीमती प्रियंका छाजेड़, भरूच |

10. श्रीमती पद्मा सोलंकी, घाटकोपर (मुंबई)

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल को प्रदत्त अनुदान

## समस्त अनुदानदाताओं का हार्दिक आभार

**₹3,50,000**
श्रीमती शान्तिदेवीजी
श्री रणजीतसिंहजी पगारिया
Mahakali Udyog Pvt. Ltd., Visakhapatnam
Ransan Enterprise, Kolkata
(भावना सेवा – एक महीना)

**₹1,25,000**
श्री सूरजमलजी-सोनादेवीजी, हिम्मतजी-समताजी, राजेशजी-विनीताजी, प्रज्ञाजी, प्रथमजी, फाल्गुनीजी, कुणालजी बेंगानी (पाली)

**₹1,00,000**
साध्वीप्रमुखाश्री कनकप्रभाजी अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में बम्बू वाले बैद परिवार (लाडनूं)

**₹1,00,000**
श्रीमती गुलाबदेवीजी पटावरी धर्मपत्नी श्री पदमचन्दजी पटावरी (राजसमन्द) के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में

**₹1,00,000**
विवाह की 40वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में श्रीमती कल्पनाजी श्री प्रकाशजी बैद (लाडनूं – कोलकाता)

**₹1,00,000**
विवाह की 45वीं वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य में श्रीमती लताजी श्री सुरेशजी गोयल (कोलकाता) कल्याण मित्र परिवार

**₹1,00,000**
तेरापंथ महिला मंडल अहमदाबाद (भावना सेवा)

**₹51,000**
तेरापंथ महिला मंडल कटक (भावना सेवा)

**₹51,000**
असाधारण साध्वीप्रमुखाश्रीजी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में श्रीमती शशिजी श्री मांगीलालजी बोहरा (पटना) श्रीमती विजयाजी डॉ. रतनलालजी ओसवाल (विशाखापट्टनम)

**₹51,000**
श्रीमती स्नेहलताजी श्री विनोदजी बागरेचा (सुजानगढ़ – कोलकाता)

**₹31,000**
श्रीमती सुनीताजी सुराणा के एक वर्ष से चल रहे एकासन के उपलक्ष्य में श्री केसरीचन्दजी श्री धर्मेन्द्रजी सुराणा (रिसड़ा)

**₹31,000**
तेरापंथ महिला मंडल सेलम

| | | | |
|---|---|---|---|
| ₹21,000 | तेरापंथ महिला मंडल, हिन्दमोटर (भावना सेवा) | ₹11,000 | श्रीमती विमला श्रीमती अनिता सिंघी, टॉलीगंज |
| ₹11,000 | श्रीमती स्नेहलता पुगलिया, टॉलीगंज | ₹11,000 | तेरापंथ महिला मंडल, साउथ हावड़ा (भावना सेवा) |
| ₹11,000 | तेरापंथ महिला मंडल, बेहाला (भावना सेवा) | ₹5,100 | श्रीमती मधु पुगलिया, टॉलीगंज |
| ₹5,100 | तेरापंथ महिला मंडल, उत्तरपाड़ा | ₹5,100 | तेरापंथ महिला मंडल, बाली बेलुड़ |

₹5,100 श्री पानमल जी सेठिया के संथारे के उपलक्ष में सुन्दर देवी, नवरतन सरिता, शिवरतन नीलम, चांदरतन भारती सेठिया, मुम्बई

पंजीकृत कार्यालय : 'रोहिणी', अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल, लाडनूं (राज.) 341306

महामंत्री कार्यालय
मधु देरासरिया
5/C मेघसरमन अपॉर्टमेन्ट
टॉवर नं. 1, सीटीलाइट
सूरत 395 007. (गुजरात)
मो. 9427133069
Email : madhujain312@gmail.com

नारीलोक
देखने हेतु
Touch to open
www.abtmm.org

Touch to open
www.facebook.com/abtmmjain/

Touch to open
https://bit.ly/abtmmyoutube

नारीलोक प्राप्ति हेतु सम्पर्क सूत्र
मंजुला डूंगरवाल
12 सहदेवपुरम
सेलम 636 007. (तमिलनाडु)
मो. 9841399155
Email: pinky28380@gmail.com